BOARD OF PROFESSIONAL ENGINEERS OF QUEENSLAND

आम सवाल
Hindi

आम सवाल

व्यावसायिक इंजीनियरिंग सेवा क्या है?
व्यावसायिक इंजीनियरिंग सेवा एक ऐसी सेवा है जिसमें यह आवश्यकता है – या जो इस पर आधारित है – डिज़ाइन, निर्माण-कार्य, उत्पादन, संचालन या रखरखाव संबंधी किसी ऐसी गतिविधि पर इंजीनियरिंग सिद्धांतों और डेटा का प्रयोग जो इंजीनियरिंग से जुड़ी हो।

नियामक मानक क्या होता है?
नियामक मानक एक दस्तावेज़ है जो किसी इंजीनियरिंग सेवा के काम को करने के लिए कार्यविधियों या मानदण्ड का वर्णन करता है, जिसके प्रयोग के लिए वैज्ञानिक रूप से आधारित अग्रिम गणनाओं की ज़रूरत नहीं होती है।

यदि मैं क्वींसलैंड के बाहर स्थित हूँ पर क्वींसलैंड के लिए व्यावसायिक इंजीनियरिंग सेवा प्रदान कर रहा/रही हूँ तो क्या मेरे लिए RPEQ होना ज़रूरी होगा?
हाँ। यदि आप किसी दूसरे राज्य या विदेश में स्थित इंजीनियर हैं जो क्वींसलैंड आधारित प्रोजेक्ट के लिए व्यावसायिक इंजीनियरिंग सेवा प्रदान कर रहे/रही हैं, तो आपके लिए RPEQ होना, या किसी RPEQ द्वारा प्रत्यक्ष रूप से आपका पर्यवेक्षण किए जाना ज़रूरी है। चाहे शारीरिक तौर पर काम क्वींसलैंड में किया जाता है या नहीं, PE एक्ट राज्यक्षेत्रातीत आधार पर लागू होता है।

क्या मैं इंजीनियरिंग के एक से अधिक क्षेत्रों में रजिस्टर्ड हो सकता/सकती हूँ?
हाँ। आप जितने चाहे इंजीनियरिंग के उतने क्षेत्रों में रजिस्टर्ड हो सकते/सकती हैं। प्रत्येक क्षेत्र के लिए, आपके लिए उचित आकलन योजना के माध्यम से अपनी योग्यताओं और दक्षताओं का आकलन करना आवश्यक होगा। आपकी कुल CPD बाध्यताएँ प्रति त्रिवर्षीय अवधि के लिए 150 घंटे बनी रहती हैं, चाहे आप कितने भी क्षेत्रों में रजिस्टर्ड हों। आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप जिन-जिन क्षेत्रों में रजिस्टर्ड हैं उनमें अपनी दक्षता बनाए रखने के लिए शेष CPD को शामिल करते/करती हैं।

यदि मैं पहले से रजिस्टर्ड हूँ तो क्या इंजीनियरिंग के अन्य क्षेत्रों में रजिस्ट्रेशन के लिए कैसे आवेदन करूँ?
आप इंजीनियरिंग के जितने क्षेत्रों में चाहें रजिस्टर्ड हो सकते/सकती हैं बशर्ते कि आप जिस-जिस क्षेत्र के लिए आवेदन कर रहे/रही हैं उसके लिए आप उचित आकलन योजना के माध्यम से अपनी योग्यताओं और दक्षताओं के लिए आकलन करते/करती हैं। आपकी कुल CPD बाध्यताएँ प्रति त्रिवर्षीय अवधि के लिए 150 घंटे बनी रहती हैं, चाहे आप कितने भी क्षेत्रों में रजिस्टर्ड हों, परन्तु आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप जिन-जिन क्षेत्रों में रजिस्टर्ड हैं उनमें अपनी दक्षता बनाए रखने के लिए शेष CPD को शामिल करते/करती हैं।

क्या इंजीनियरिंग टैकनोलजिस्ट और एसोसिएट रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करने में सक्षम हैं?
नहीं। इंजीनियरिंग टैकनोलजिस्ट और एसोसिएट RPEQ के तौर पर रजिस्ट्रेशन के पात्र होने के लिए योग्यता मानक को पूरा नहीं करते हैं। यदि आपको लगता है कि आपकी योग्यता और साथ ही आपका दक्षता और कार्य अनुभव RPEQ के समान है, तो आपको आकलन कराने के लिए अपनी पसंदीदा आकलन योजना से संपर्क करना चाहिए।

अभी मैं RPEQ बनने के लिए पात्र नहीं हूँ, मुझे क्या करना चाहिए?
RPEQ, जो कि सेवाओं के लिए जिम्मेदार है, उसके प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के अधीन सभी व्यावसायिक इंजीनियरिंग सेवाएँ पूरी करें। PE एक्ट यह वर्णन करता है कि कोई व्यक्ति गैर-रजिस्टर्ड होते हुए क्वींसलैंड में या क्वींसलैंड के लिए व्यावसायिक इंजीनियरिंग सेवाएँ केवल तभी पूरी कर सकता है यदि वे किसी ऐसे RPEQ के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के अधीन सेवाएँ पूरी कर रहा हो जो सेवाओं के लिए जिम्मेदार हो। इसलिए, जब आप काम

करना शुरू करते/करती हैं तो आप व्यवसायिक इंजीनियरिंग सेवाओं के काम कर सकते/सकती हैं, परन्तु आपको काम पर यह सवाल पूछने की ज़रूरत होगी: “वह RPEQ कौन है जो तब तक मुझे प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण प्रदान करेगा जब तक कि मैं RPEQ बनने के लिए पात्र न हो जाऊँ?”

BPEQ और व्यावसायिक संस्थाओं में क्या अंतर है? उदाहरणत: Engineers Australia या AusIMM

BPEQ व्यवसाय के लिए एक वैधानिक नियामक है और संसद के अधिनियम (the Professional Engineers Act 2002) का प्रबंध करता है। क्वींसलैंड में या क्वींसलैंड के लिए व्यावसायिक इंजीनियरिंग सेवा काम करने के लिए यह ज़रूरी है कि इंजीनियर BPEQ द्वारा रजिस्टर्ड हों। BPEQ इंजीनियरिंग सेवाओं से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त कर सकता है और PE एक्ट की उल्लंघना करने वाले व्यक्तियों की जांच-पड़ताल कर सकता है और उनपर मुकदमा चला सकता है।

Engineers Australia या AusIMM जैसी व्यावसायिक संस्थाएँ स्वैच्छिक सदस्यता निकाय होते हैं। इन संस्थाओं के पास व्यक्तियों की जांच-पड़ताल करने या उनपर मुकदमा चलाने के लिए कोई कानूनी ढांचा नहीं होता है।

क्या रजिस्टर्ड होने के लिए मैं किसी व्यावसायिक संस्था/सदस्यता निकाय की अपनी मान्यता का प्रयोग कर सकता/सकती हूँ?

यदि व्यावसायिक मान्यता के लिए योग्यता और दक्षता संबंधी आवश्यकताएँ BPEQ की ओर से किसी अनुमोदित आकलन योजना का प्रबंध करने वाली संस्था से प्राप्त हैं और यह RPEQ रजिस्ट्रेशन के लिए योग्यता और दक्षता आवश्यकताओं के समान या इससे अधिक हैं, तो फिर इनका प्रयोग रजिस्ट्रेशन के लिए पात्रता को प्रमाणित करने के लिए किया जा सकता है।

इस बात से अवगत रहना महत्वपूर्ण है कि इंजीनियरों के लिए RPEQ बनने हेतु किसी संस्था के सदस्य होना या व्यावसायिक मान्यता प्राप्त करना आवश्यक नहीं है। इंजीनियरों को किसी ऐसी संस्था से केवल RPEQ आकलन का निवेदन करने का अधिकार होता है जो इंजीनियरिंग के उनके क्षेत्र के लिए अनुमोदित आकलन योजना का प्रबंध करती है।

Civil Aviation and Safety Authority’s (CASA) के अधिकार साधन (Instrument of Authority) के धारक एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में रजिस्ट्रेशन के लिए पात्रता को प्रमाणित करने के लिए इस मान्यता का प्रयोग कर सकते हैं।

क्या अन्य ऑस्ट्रेलियाई राज्यों/राज्य-क्षेत्रों की रजिस्ट्रेशन आवश्यकताएँ हैं?

क्वींसलैंड एकमात्र ऐसा अधिकार-क्षेत्र है जहाँ इंजीनियरों के लिए व्यापक और अनिवार्य रजिस्ट्रेशन सिस्टम है। अन्य राज्यों और राज्य-क्षेत्रों में विशेष उद्योगों (जैसे कि आवासीय इमारत, भवन-क्षेत्र) में काम करने वाले इंजीनियरों के लिए रजिस्ट्रेशन कराने संबंधी आवश्यकताएँ हैं।

क्या BPEQ किसी इंजीनियर की अनुशंसा कर सकती है?

BPEQ किसी इंजीनियर की अनुशंसा नहीं कर सकती है, परन्तु BPEQ द्वारा रजिस्टर्ड सभी इंजीनियर का आकलन योग्य और सक्षम के तौर पर किया गया है। जन-साधारण के सदस्य नाम, स्थान, इंजीनियरिंग के क्षेत्र या RPEQ नम्बर का प्रयोग करके किसी RPEQ की सर्च कर सकते/सकती हैं।

मेरे लिए अपने RPEQ आवेदन फॉर्म को डाक से भेजना ज़रूरी क्यों है?

क्योंकि Application for Registration (फॉर्म 2) एक कानूनी दस्तावेज़ है, इसलिए मूल (गीली स्याही) हस्ताक्षर आवश्यक होते हैं।

रजिस्ट्रेशन अवधि क्या है?

RPEQs 1 जुलाई और 30 जून के बीच 12 महीने की अधिकतम अवधि के लिए रजिस्टर्ड होते हैं।

क्या मुझे अपनी रजिस्ट्रेशन को वार्षिक तौर पर रिन्यू कराना होगा?

हाँ। सभी RPEQs के लिए वार्षिक रिन्यूएल अवधि के दौरान अपनी रजिस्ट्रेशन को रिन्यू कराना आवश्यक है, जो प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल से 31 मई तक चलती है।

क्या मैं American Express का प्रयोग करके अपनी रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान कर सकता/सकती हूँ?

नहीं। क्रेडिट कार्ड से भुगतान किए जाने की स्थिति में BPEQ केवल Mastercard या Visa से किए भुगतान स्वीकार करता है।

www.bpeq.qld.gov.au
(07) 3210 3100
admin@bpeq.qld.gov.au